भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 393

जिसका उत्तर 27.03.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-7 को राष्ट्रीय राजमार्ग-39 से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण

*393. डॉ. राजेश मिश्रा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सीधी से सिंगरौली खंड के पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या सरकार की उक्त मार्ग/सड़क पर अनेक कोयला ब्लॉक और विद्युत संयंत्र मौजूद होने के दृष्टिगत कटनी से ब्यौहारी, टिकरी और सारी होते हुए सिंगरौली तक एकल लेन सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार की राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर घोरावल से सिंगरौली होते हुए चुनार से राजगढ़ (एनएच-7) तक सड़क के निर्माण की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“राष्ट्रीय राजमार्ग-7 को राष्ट्रीय राजमार्ग-39 से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण” के संबंध में डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा पूछे गए दिनांक 27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 393 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) एनएच-39 के सीधी से सिंगरौली खंड के शेष कार्यों को पूरा करने के लक्ष्य की संशोधित समय-सीमा दिसंबर, 2025 है।

(ख) सरकार को मध्य प्रदेश सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से समय-समय पर राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में घोषित/उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के निर्णय समय-समय पर कनेक्टिविटी की आवश्यकता, यातायात सघनता, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं। वर्तमान में, कटनी से सिंगरौली वाया ब्यौहारी, टिकरी और सारी तक की एकल (सिंगल) लेन सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) चुनार से राजगढ़ (एनएच-7) वाया घोरावल से चितरंगी तक की सड़क राज्य सडक है। इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

हालांकि, चितरंगी से सिंगरौली तक की सड़क एनएच-135सी का हिस्सा है, जो सिंगरौली को मध्य प्रदेश में वाया बागदरा, पिपरा और उत्तर प्रदेश में द्रुमनोदगंज, कोरांव से होकर प्रयागराज से जोड़ती है। एनएच-135सी के चितरंगी से सिंगरौली खंड को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन एनएच मानकों के अनुसार विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

*****